प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 17.12.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. कानून मंत्री ने लोकसभा में पेश किया एक राष्ट्र, एक चुनाव पर दो विधेयक, कहा– इससे प्रशासनिक क्षमता बढ़ेगी, चुनाव संबंधी खर्च में आयेगी कमी।
2. केन्द्र सरकार ने झारखंड के एक लाख छतीस हजार करोड़ रुपये बकाया होने के दावे को किया खारिज, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य के भाजपा सांसदों से राशि दिलाने का किया आग्रह।
3. जेएसएससी– सीजीएल परीक्षा में कथित पेपर लीक मामले को लेकर झारखंड हाईकोर्ट में आज होगी सुनवाई, सफल परीक्षार्थियों के डाक्यूमेंट वेरिफिकेशन की प्रक्रिया जारी।
4. राज्य के गृह सचिव और डीजीपी पहुंचे चतरा, विधि व्यवस्था की करेंगे समीक्षा, चार जिलों के 34 थाना प्रभारियों से लेंगे रिपोर्ट।
5. जमशेदपुर में टाटा स्टील गोल्फ टूर चैंपियनशिप शुरु, टीम इंडिया के पूर्व कप्तान कपिलदेव और राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने किया उदघाटन।

****************

एक राष्ट्र, एक चुनाव से संबंधित दो विधेयक आज लोकसभा में पेश किये गये। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने इससे संबंधित 129वां संविधान संशोधन बिल और केंद्र शासित प्रदेश कानून संशोधन विधेयक पेश किया। इससे पहले श्री मेघवाल ने कहा कि अब हम एक देश, एक चुनाव का कॉन्सेप्ट लाने जा रहे हैं। एक हाईलेवल कमेटी इसका रोडमैप बना चुकी है। इससे प्रशासनिक क्षमता बढ़ेगी और चुनाव संबंधी खर्च में कमी आएगी। इस बीच कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने कहा कि यह विधेयक संविधान के खिलाफ है।

इधर, केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हर पहल का विरोध करना कांग्रेस की आदत बन गयी है।

****************

केन्द्र सरकार ने कोयला रॉयल्टी मद में झारखंड के एक लाख छतीस हजार करोड़ रुपये बकाया होने के दावे को खारिज कर दिया है। इसके साथ ही इस मुद्दे पर केन्द्र और राज्य के बीच विवाद बढ़ने की संभावना है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड के भाजपा सांसदों से अपील की है कि वे केन्द्र से यह राशि दिलाने के लिए संसद में अपनी आवाज बुलंद करें। श्री सोरेन ने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स भाजपा सांसदों से अपील करते हुए लिखा है कि झारखंड के विकास के लिए इस बकाये राशि की नितांत जरुरत है। गौरतलब है कि केंद्र सरकार ने लोकसभा में एक सवाल के जवाब में स्पष्ट किया है कि झारखंड का केंद्र सरकार पर कोई बकाया नहीं है।

****************

एनसीईआरटी अगले शैक्षणिक वर्ष के लिए कक्षा नौ से बारह तक की 15 करोड़ गुणवत्तापूर्ण और सस्ती किताबें प्रकाशित करेगा। केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने कहा कि अगले शैक्षणिक वर्ष में छात्रों पर कोई वित्तीय बोझ नहीं पड़ेगा।

****************

आईआईटी– आईएसएम धनबाद में दो दिवसीय 44वां दीक्षांत समारोह का आयोजन पेनमैन ऑडिटोरियम में किया गया। इसका शुभारंभ नीति आयोग के सदस्य पद्म भूषण डॉ. वीके सारस्वत ने किया। इस दौरान 2023–24 बैच के 183 पासआउट छात्रों को पदक और पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए डॉ. वी. के. सारस्वत ने कहा कि ज्ञान वह आधार है, जिस पर भारत को अपनी प्रगति की नींव रखनी है। समारोह में डिग्री प्राप्त कर विद्यार्थी भी काफी उत्साहित दिखे।

****************

जेएसएससी– सीजीएल परीक्षा में कथित पेपर लीक मामले में आज झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई होगी। याचिकाकर्ता प्रकाश कुमार और अन्य ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर मामले की सीबीआई जांच कराने की भी मांग की है। दूसरी तरफ परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों का डाक्यूमेंट वेरिफिकेशन की प्रक्रिया जारी है।

****************

राज्य की गृह सचिव वंदना डाडेल और डीजीपी अनुराग गुप्ता आज चतरा के दौरे पर हैं। अब से थोड़ी देर बाद दोनों अधिकारी विधि व्यवस्था को लेकर समीक्षा बैठक करेंगे। समीक्षा बैठक के दौरान गृह सचिव और डीजीपी रांची, चतरा, हजारीबाग और लातेहार जिले के 34 थाना प्रभारियों से उनके काम से संबंधित रिपोर्ट लेंगे। इस बैठक में आईजी अभियान, आईजी सीआईडी, आईजी स्पेशल ब्रांच, डीआईजी हजारीबाग, एटीएस एसपी और चतरा, लातेहार व हजारीबाग जिले के एसपी उपस्थित रहेंगे।

****************

साहिबगंज जिले में जन सुविधाओं को बढ़ाने की पहल तेज कर दी गयी है।

****************

दुमका जिले में धन अधिप्राप्ति शुरू हो गई है। लैंपस के माध्यम से किसानों से धान की खरीद की जा रही है और उन्हें उनके धन की 50 फीसदी राशि का भुगतान चेक के माध्यम से किया जा रहा है। धान अधिप्राप्ति के लिए बनाए गए केन्द्रों पर राज्य खाद्य निगम द्वारा जनसेवकों को मजिस्ट्रेट के रूप में तैनात किया गया है। साथ ही पर्यवेक्षक भी तैनात किए गए हैं । वर्ष 2024–25 के लिए धान का समर्थन मूल्य 23 सौ रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित है। इसके अलावा किसानों को एक सौ रुपये प्रति क्विंटल बोनस में दिया जा रहा है।

****************

जमशेदपुर में आज से टाटा स्टील गोल्फ टूर चौंपियनशिप शुरु हो गयी है। गोलमुरी गोल्फ क्लब में पीजीटीआई के प्रेसिडेंट और भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान कपिल देव तथा राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने संयुक्त रूप से इसका शुभारंभ किया। मौके पर कपिलदेव ने कहा कि जमशेदपुर में खेल की असीम संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि वे कई बार क्रिकेट खेलने जमशेदपुर आ चुके हैं।

****************

देवघर के लेवल–2 कोच दीपक कुमार ने पटियाला में आयोजित वर्ल्ड एथलेटिक्स कोचेज प्रोग्राम के तहत मिडिल और लांग डिस्टेंस कोर्स पूरा कर लेवल–3 कोच की अर्हता हासिल कर ली है। दीपक कुमार से पहले झारखंड के पांच प्रशिक्षक वर्ल्ड एथलेटिक्स लेवल–3 कोच की अर्हता पूरी कर चुके हैं. इनमें बिनोद कुमार सिंह, योगेश प्रसाद यादव, आशु भाटिया, चंदन कुमार और रितेश आनंद शामिल हैं। झारखंड एथलेटिक्स संघ प्लानिंग कमेटी के चेयरमैन डॉ मधुकांत पाठक, जेएए के अध्यक्ष सीडी सिंह, सचिव एसके पांडेय, आशीष झा समेत संघ के अन्य पदाधिकारियों ने दीपक को बधाई दी है।

************